जनोदय पंच

जिला बड़वानी

2

इंदौर–बड़वानी, सोमवार, 23 फरवरी 2026

प्रधानमंत्री के संदेशों पर हुआ मंथन, जनभागीदारी और विकास पर जोर

पानसेमलः ग्राम इंद्रपुर में विधायक श्री बरडे ने ग्रामीणों संग सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

जनोदय पंच. पानसेमल

पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुर में एक विशेष जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक श्री श्याम बरडे ने ग्रामीणजनों के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं प्रेरणादायक संदेशों को गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रहित, जनभागीदारी, सामाजिक दायित्व और विकास से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत उदाहरणों और संदेशों को आत्मसात करने की बात कही तथा गांव के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। विधायक श्री श्याम बरडे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि ÷मन की बात÷ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने का माध्यम है, जो समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों और नवाचारों को सामने लाता है। कार्यक्रम के माध्यम से गांव स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक सहभागिता को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। यह आयोजन जनजागरण एवं सामाजिक सहभागिता की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा गया।



फाग उत्सव मनाया



जनोदय पंच। सेंधवा। देवझिरी मंदिर पर रविवार को देवझिरी महिला मण्डल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया।

'साहित्य संस्था संगम' के भव्य आयोजन में शामिल विशाल त्रिवेदी

जनोदय पंच. सेंधवा



संस्कारधानी जबलपुर स्थित श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में दो दिवसीय %साहित्य संस्था संगम% का भव्य शुभारंभ हुआ। मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी (संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग) के तत्वावधान में आयोजित इस संगम में प्रदेशभर की सक्रिय साहित्यिक संस्थाएँ एक मंच पर एकत्रित हुईं। आयोजन का उद्देश्य संस्थाओं के बीच समन्वय, संवाद और तकनीकी सुदृढ़ता को बढ़ावा देना है। नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार विशाल त्रिवेदी ने इस आयोजन में सेंधवा का प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता की।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने की। मुख्य अतिथि कैलाश चन्द्र (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने लोकमंगल से युक्त साहित्य सृजन और संस्थाओं की तकनीकी सुदृढ़ता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि शरदचंद्र पालन ने शुभकामनाएँ दीं। अकादमी के निदेशक विकास दवे ने संगम को संस्थागत समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम संयोजक एवं प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। द्वितीय सत्र %भारतीय साहित्य में आयातित एवं भारतीय चिंतन% विषय पर केंद्रित रहा। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की जबकि आचार्य हरिशंकर दुबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा की व्याख्या की। वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र बाजपेई ने एआई और साहित्य पर विचार रखते हुए मानवीय संवेदनाओं की श्रेष्ठता पर प्रकाश डाला। संस्थाओं ने अपने नवाचारों के विषय में बताया तो दूसरी ओर आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की। दूसरे दिन %तकनीकी कार्यों पर मार्गदर्शन% में हुए सत्र को इंदौर के सीए राकेश मित्तल ने संबोधित किया। तृतीय सत्र में राष्ट्रीय चिंतक प्रशांत पोल शामिल हुए। अंतिम सत्र वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी को समर्पित रहा। सत्र में मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे रहे। अध्यक्षता आचार्य हरिशंकर दुबे ने की। मुख्य वक्तव्य डॉ. मुकुल तिवारी ने प्रस्तुत किया। विभिन्न सत्रों का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा, साहित्यकार आशुतोष तिवारी, राजेश पाठक और इंजी. विनोद नयन, डॉ. शिव प्रसाद व्यास ने किया।

पानी की कराई जाए जांच बीमारी का है खतरा

जनोदय पंच. बड़वानी। इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के हादसे के बाद लिए गए सैंपल में पानी को दूषित करने वाले कीटाणु मिले हैं। इसके बाद बड़वानी नपा को सतर्कता बरतते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पानी के सैंपल लेकर तुरंत जांच करवाई जानी चाहिए। क्योंकि सीवरेज लाइन खुदाई में पूरे नगर की पानी सप्लाय लाइन टूटी है।

बड़वानी से पहुंचेंगे सबसे अधिक किसान; कांग्रेस की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न

जनोदय पंच. सेंधवा

भारत-अमेरिका के मध्य हाल ही में हुई ट्रेड डील में किसानों के हितों की अनदेखी एवं उनके साथ हो रहे कुठाराघात के विरोध में प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली ‍किसान महाचौपाल‍ की तैयारियों को लेकर किसान कांग्रेस जिला बड़वानी की जिलास्तरीय बैठक सेंधवा में सम्पन्न हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिलदार सोलंकी जी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में जिलेभर से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में दिनांक 24 फरवरी 2026, मंगलवार को दोपहर 12रू30 बजे भोपाल में आयोजित होने वाली किसान महाचौपाल को सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बड़वानी जिले से अधिक से अधिक संख्या में किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। किसानों के अधिकारों की इस लड़ाई में जिले की भागीदारी को प्रभावी एवं ऐतिहासिक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

जिला अध्यक्ष श्री सिलदार सोलंकी जी ने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसान कांग्रेस सदैव अन्नदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री हरचरण भाटिया, श्रीमती सुभद्रा परमार, श्री सीताराम बर्डे, सेंधवा ब्लॉक अध्यक्ष श्री राजेंद्र गाड़वे, वरला ब्लॉक अध्यक्ष श्री अजय द्विवेदी, धवली ब्लॉक अध्यक्ष श्री दीपक चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री इकबाल शाह, अधिवक्ता चेनु सिंह अछालिया, श्री गजानंद सोलंकी, श्री कय्यूम पेंटर, श्री परसराम सेनानी, श्री गौतम मोरे, श्री शोभाराम पटेल, श्री प्रशांत सेन, श्रीमती शिवकुमारी दीदी, श्री किसन शर्मा, श्री खुमसिंह कनौजे, श्री श्रीराम आर्य, श्री राणा नरगावे, श्री भाईदास टोकरे, श्री मुकेश रावत, श्री दीपक तरोले, श्री रमेश चौहान, श्री ग्यारसीलाल, श्री भीम कनौजे सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

